# ओ सांवरे दु:ख से बचाते रहोगे भजन लिरिक्स

ओ सांवरे दु:ख से बचाते रहोगे,
आते रहे हो हर दम आते रहोगे,
ओ साँवरे दु:ख से बचाते रहोगे।bd।

तर्ज – ओ सांवरे हमको तेरा।

---

तेरा भरोसा सांवरिये,
तू ही एक हमारा है,
जब जब दु:ख के दिन आये,
देता तू ही सहारा है,
चलाते रहो हो नैया चलाते रहोगे,
ओ साँवरे दु:ख से बचाते रहोगे।bd।

---

जब से सजाई इस घर में,
श्याम तेरी तस्वीर को,
तूने सजाई हाथों से,
मेरी इस तक़दीर को,
सजाते रहे हो जीवन सजाते रहोगे,
ओ साँवरे दु:ख से बचाते रहोगे।bd।

---

मेरा एक ठिकाना बस,
श्याम तेरा दरबार है,
याद हमें कर लेते हो,
ये तेरा उपकार है,
बुलाते रहो हो खाटू बुलाते रहोगे,
ओ साँवरे दु:ख से बचाते रहोगे।bd।

---

जब जब भी ‘बनवारी’,
दिल मेरा घबराता है,
भगत तेरा ऐ श्याम धणी,
रो रो तुम्हे बुलाता है,
लगाते रहे हो गले से लगाते रहोगे,
ओ साँवरे दु:ख से बचाते रहोगे।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

ओ सांवरे दु:ख से बचाते रहोगे,
आते रहे हो हर दम आते रहोगे,
ओ साँवरे दु:ख से बचाते रहोगे।bd।

Singer – Shweta Agrawal

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com